# यूको नर्मदा

## अंचल कार्यालय सूरत की छमाही पत्रिका

वर्ष–3, अंक-2

मार्च - 2021




**यूको बैंक**
(भारत सरकार का उपक्रम)

**UCO BANK**
(A Govt. of India Undertaking)

सम्मान आपके विश्वास का    Honours Your Trust

# संपादक मंडल

**संरक्षक**

श्री रमण कुमार सिंह
(उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख)

**मार्गदर्शक**

श्री सुभाष कुमार
(उप अंचल प्रमुख)

**परामर्श**

श्री अरुण सिंह
(मुख्य प्रबंधक)

**संपादक**

श्री यशवंत गायकवाड़
(प्रबंधक-राजभाषा)

**विशेष सहयोग**

श्री सौम्य रंजन साहू
(वरिष्ठ प्रबंधक-निरीक्षण विभाग)
श्री आशुतोष बहादुर सिंह
(वरिष्ठ प्रबंधक-मानव संसाधन विभाग)
श्री भवानी सिंह
(प्रबंधक-कार्यनीति आयोजना विभाग)
श्री आलोक कुमार
(प्रबंधक-सामान्य प्रशासन विभाग)

# अनुक्रमणिका


- अंचल प्रबंधक महोदय का संदेश
- संपादकीय
- सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन
- बैंक स्थापना दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर
- अंचल कार्यालय द्वारा सामाजिक दायित्व का निर्वहन
- 10 जनवरी विश्व हिन्दी दिवस
- नराकास (बैंक) सूरत की छमाही बैठक
- राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन
- यूको मातृभाषा सम्मान समारोह का आयोजन
- "अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस"
- अंचल कार्यालय में गणतन्त्र दिवस का आयोजन
- बीमा व्यवसाय के चेनल पार्टनर
- बैंक के नए कार्यकारी निदेशक - श्री इशराक अली खान
- अखिल भारतीय राजभाषा अधिकारी सम्मेलन
- "यूको बैंक में ऑनलाइन हिन्दी कार्यशाला का आयोजन"
- राजभाषा अधिकारियों के लिए गहन अनुवाद कार्यक्रम
- नराकास (बैंक) सूरत के तत्वावधान में केंद्रीय विद्यालय में प्रतियोगिता
- स्टाफ सदस्यों के लिए प्रतियोगिता
- यूको बैंक द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन
- कविता पाठ प्रतियोगिता में पुरस्कार
- प्रधान कार्यालय द्वारा सूरत अंचल को प्रदत्त प्रमाणपत्र
- मानव संसाधन प्रबंधन को प्राप्त प्रशस्ति पत्र
- अंचल कार्यालय सूरत का राजभाषायी निरीक्षण
- नाड़ीयाद शाखा एवं मिड कार्पो. सूरत नए परिसर में स्थानांतरित
- शाखाओं की विभिन्न गतिविधियां
- अखबार की सुर्खियों में " यूको बैंक "

# अंचल प्रबंधक का संदेश

प्रिय साथियों,
सूरत अंचल की छमाही पत्रिका "यूको नर्मदा" के अक्तूबर2020- मार्च 2021 के नवीनतम अंक के माध्यम से मुझे पुनः आप सभी के साथ संवाद करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है ।

वर्ष 2021 के पदोन्नति परिणामों की घोषणा हो चुकी है सभी पदोन्नत साथियों को मेरी ओर से हार्दिक बधाई और अभिनंदन । जिन साथियों को इस बार सफलता प्राप्त नहीं हुई वे निराश न हों अगली बार पुनः नए जोश के साथ पदोन्नति परीक्षा में शामिल होकर सफलता प्राप्त करें ।

इस संबंध में आपके साथ एक प्रसंग साझा करना चाहता हूँ -
एक बार किसी व्यक्ति ने एक विद्वान से पूछा कि सफलता के लिए भाग्य का साथ चाहिए या अच्छे कर्म का । विद्वान ने बड़े ही सीधे सरल शब्दों में बताया कि जिस तरह कोई व्यक्ति बैंक में लॉकर किराए पर लेता हैं तब उसकी एक चाबी ग्राहक के पास होती है और दूसरी चाबी बैंक अधिकारी के पास होती है । किसी एक चाबी से लॉकर खुल जाए यह संभव नहीं लॉकर खोलने के लिए दोनों ही चाबियों की आवश्यकता होगी । यही बात भाग्य और कर्म के साथ भी लागू होती है जीवन में सफलता पाने के लिए भाग्य और अच्छे कर्म अर्थात कड़ी मेहनत दोनों का साथ होना आवश्यक है ।

साथियों,31 मार्च 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष में अंचल के कारोबार की स्थिति से आप सभी अवगत होंगे । सूरत अंचल ने अपने 31.03.2021 के विभिन्न लक्ष्यों में से अधिकतर लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है। इन लक्ष्यों की प्राप्ति में आप सभी का सहयोग सराहनीय एवं प्रशंसनीय है जिसके लिए मैं आप सभी को बधाई देता हूँ किन्तु कुछ लक्ष्य से हम पीछे रह गए हैं जिसके कारणों पर हमें चिंतन करना होगा और उन कमियों को दूर कर आगामी वित्तीय वर्ष 2021-22 के अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हम सभी को अभी से काम पर लग जाना होगा ।

आप सभी इस कोरोना महामारी से स्वयं और अपने परिवार के सदस्यों की सुरक्षा हेतु सजग रहें अपनी शाखा में स्वच्छता बनाए रखते हुए एवं सामाजिक दूरी का पालन करते हुए अपने कार्य करें साथ ही अपने सभी ग्राहकों एवं सहकर्मियों के साथ सद्भावना बनाए रखे ।



**आपका**

रमण

**(रमण कुमार सिंह)**
**उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख**

# संपादकीय

सूरत अंचल की छमाही गृह पत्रिका "यूको नर्मदा" का अक्तूबर 2020 - मार्च 2021 अंक आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे अति प्रसन्नता हो रही है ।

विश्वव्यापी महामारी कोरोना के कारण हमारे दैनिक क्रियाकलापों एवं कार्यालयीन कामों में कुछ बाधाएँ आई है अंचल कार्यालय में भी अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिती पर इसका प्रभाव पड़ा है । इसी कारण "यूको नर्मदा" का यह अंक प्रकाशित होने में कुछ देर हो रही है जिसके लिए संपादक मंडल खेद व्यक्त करता है ।

दिसम्बर 2020 तिमाही से 'हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्ट भाग-1 एसएसओ पोर्टल' पर ऑनलाइन अपलोड करने का कार्य शुरू किया गया है । 31 मार्च 2021 तिमाही की हिन्दी प्रगति रिपोर्ट सभी शाखाओं ने यथासमय अपलोड कर दी थी यह सराहनीय है । यद्यपि, गुजरात राज्य भाषाई क्षेत्र "ख" के अंतर्गत आता है तथापि बैंक में कार्य करने वाले अधिकतर अधिकारी/कर्मचारी अन्य राज्यों से आए हुए है, जिनमें से अधिकतर हिन्दी भाषा-भाषी है अतः बैंक में हिन्दी में कार्य करने में उन्हे कोई परेशानी नहीं होती । वे हिन्दी के प्रचार-प्रसार में राजभाषा विभाग को अपना पूर्ण सहयोग देते हैं । संघ का कार्य हिन्दी में करने के लिए वर्ष 2021-22 के लिए वार्षिक कार्यक्रम राजभाषा विभाग द्वारा सभी शाखाओं को भेज दिया गया है ।  हम आशा करते हैं कि सभी शाखाएँ इस वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार शाखा द्वारा किए जाने वाले पत्रव्यवहार, ई-मेल, टिप्पणियों, दैनिक वाउचर आदि में अधिक से अधिक हिन्दी का प्रयोग करेंगे और दिए गए लक्ष्य को प्राप्त करेंगे ।

साथियों, मैं इसी वर्ष 31 जुलाई 2021 को बैंक सेवा से सेवानिवृत्त हो रहा हूँ अतः सूरत अंचल की प्रकाशित की जाने वाली यह मेरी अंतिम छमाही पत्रिका होगी । किन्तु फिर भी हम फोन पर एक-दूसरे के साथ जुड़े रहेंगे एवं अपने विचार साझा करते रहेंगे । आशा है शीघ्र ही सूरत अंचल में नए राजभाषा अधिकारी की पदस्थपना हो जाएगी। सूरत अंचल में रहते हुए जिस तरह आपने मुझे अपना स्नेह और सहयोग दिया है उसी तरह नए राजभाषा अधिकारी को भी पूर्ण सहयोग देंगे ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है ।
पदोन्नत हुए सभी साथियों को मेरी ओर से हार्दिक बधाई ।



**(यशवंत गायकवाड़)**
**प्रबंधक, राजभाषा**

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन



अंचल कार्यालय सूरत



मिड कार्पो सूरत



एम जी रोड सूरत



वेसु सूरत




अठवा लाइंस सूरत

# लीड टू विन वेबिनार का आयोजन

यूको बैंक एवं एसबीआई लाइफ इंशुरेंस के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 27 नवंबर 2020 को अपरान्ह 3:00 बजे से 'लीड टू विन' वेबिनार का आयोजन किया गया ।

विश्व के जाने-माने क्रिकेटरों में से एक, भारतीय क्रिकेट के महान बल्लेबाज एवं भूतपूर्व कप्तान, हरफनमौला खिलाड़ी, कमेंट्रेटर एवं वर्तमान में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष श्री सौरव गांगुली, इस वेबिनार के मुख्य अतिथि थे ।

यूको बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अतुल कुमार गोयल एवं श्री अजय व्यास (कार्यपालक निदेशक) ने इस कार्यक्रम में उपस्थित रहकर हम सभी युकोजनों को गौरवान्वित किया ।




SBI Life
INSURANCE
UCO BANK
(A Govt. of India Undertaking)
Sbi Life Mahalogin day 27th Nov-2020
SURAT ZONE
Let's make it grand success
All Branches Must be Login
SCALE II & III BRANCHES MINIMUM PREMIUM 10000
SCALE IV & V BRANCHES MINIMUM PREMIUM 20000


LEAD TO WIN- SBI LIFE & UCO BANK
SOURAV GANGULY
LEAD TO WIN
LIVE


SBI Life
यूको बैंक UCO BANK
SHRI. ATUL KUMAR GOEL
MD & CEO, UCO BANK
LEAD TO WIN

# बैंक स्थापना दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर

यूको बैंक के गौरवशाली 78 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिनांक 06 जनवरी 2021 को बैंक स्थापना दिवस के अवसर पर अंचल कार्यालय सूरत द्वारा लोक समर्पण रक्तदान केंद्र सूरत के सहयोग से 'रक्तदान शिविर' का आयोजन किया गया जिसमें बैंक के अंचल प्रमुख से लेकर लिपिक संवर्ग तक सभी अधिकारियों/कर्मचारियों नें उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं 23 यूनिट रक्तदान कर मानव कल्याण के इस महत्वपूर्ण कार्य में अपना योगदान दिया ।








# अंचल कार्यालय द्वारा सामाजिक दायित्व का निर्वहन


बैंक स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 06 जनवरी 2021 को यूको बैंक अंचल कार्यालय सूरत द्वारा अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए श्री मोढेश्वरी हितवर्धक मण्डल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित निर्मला प्राण वृद्धाश्रम में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें वहाँ निवास कर रहे लगभग 70 वरिष्ठजनों को दैनिक उपयोग की वस्तुएं सप्रेम भेंट की गई  इस कार्यक्रम में वृद्धाश्रम के प्रमुख ट्रस्टी श्री राजेशभाई भगत, मेनेजर श्रीमति रूपाली के साथ यूको बैंक के उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख श्री रमण कुमार सिंह एवं बैंक के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे ।







# 10 जनवरी विश्व हिन्दी दिवस

आज विश्व हिंदी दिवस है, यह प्रतिवर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने की शुरुआत 10 जनवरी 2006 से की गई। इसका उद्देश्य हिंदी को विश्वभर में बढ़ावा देना है। विश्व हिंदी दिवस की बधाई!






# नराकास (बैंक) सूरत की छमाही बैठक

दिनांक 21 जनवरी 2021 को अपरान्ह 3:00 बजे से “नराकास (बैंक) सूरत” की छमाही बैठक का ऑनलाइन आयोजन किया गया था । इस बैठक में क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पश्चिम क्षेत्र) मुंबई से उपनिदेशक डॉ सुस्मिता भट्टाचार्य भी उपस्थित थी । सूरत नगर में स्थित उन सभी बैंको के प्रशासनिक कार्यालय के कार्यालय प्रमुख अपने-अपने राजभाषा अधिकारियो/प्रभारियों के साथ उपस्थित हुए । इस छमाही के दौरान नराकास (बैंक) सूरत के तत्वावधान में सदस्य बैंको द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणामों की भी घोषणा की गई । प्रसन्नता का विषय है कि यूको बैंक के चार कार्मिकों को  पुरस्कार प्राप्त हुए । सभी विजेताओं को हमारी ओर से हार्दिक बधाई ।


SBI
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति(बैंक) सूरत
संयोजक - भारतीय स्टेट बैंक
प्रशासनिक कार्यालय,सूरत
प्रशस्ति पत्र
प्रमाणित किया जाता है कि श्री आलोक कुमार (यूको बैंक) ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक) सूरत के तत्वावधान में दिनांक 19.12.2020 को बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा आयोजित बैंकिंग शब्दावली प्रतियोगिता में सहभागिता की एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। नराकास (बैंक) सूरत की ओर से आपको उज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं।
सचिव
नराकास (बैंक) सूरत
अध्यक्ष
नराकास (बैंक) सूरत


SBI
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति(बैंक) सूरत
संयोजक - भारतीय स्टेट बैंक
प्रशासनिक कार्यालय,सूरत
प्रशस्ति पत्र
प्रमाणित किया जाता है कि श्री अशोक कुमार मीना (यूको बैंक) ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक) सूरत के तत्वावधान में दिनांक 19.12.2020 को बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा आयोजित बैंकिंग शब्दावली प्रतियोगिता में सहभागिता की एवं द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। नराकास (बैंक) सूरत की ओर से आपको उज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं।
सचिव
नराकास (बैंक) सूरत
अध्यक्ष
नराकास (बैंक) सूरत



SBI
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति(बैंक) सूरत
संयोजक - भारतीय स्टेट बैंक
प्रशासनिक कार्यालय,सूरत
प्रशस्ति पत्र
प्रमाणित किया जाता है कि श्री अंकित कुमार (यूको बैंक) ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक) सूरत के तत्वावधान में दिनांक 23.12.2020 को यूको बैंक द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सहभागिता की एवं प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया। नराकास (बैंक) सूरत की ओर से आपको उज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं।
सचिव
नराकास (बैंक) सूरत
अध्यक्ष
नराकास (बैंक) सूरत


SBI
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति(बैंक) सूरत
संयोजक - भारतीय स्टेट बैंक
प्रशासनिक कार्यालय,सूरत
प्रशस्ति पत्र
प्रमाणित किया जाता है कि श्री अंकित कुमार (यूको बैंक) ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक) सूरत के तत्वावधान में दिनांक 16.12.2020 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता में सहभागिता की एवं प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। नराकास (बैंक) सूरत की ओर से आपको उज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं।
सचिव
नराकास (बैंक) सूरत
अध्यक्ष
नराकास (बैंक) सूरत

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन

अंचल कार्यालय सूरत की मार्च-2021 तिमाही की "राजभाषा कार्यान्वयन समिति" की बैठक का आयोजन दिनांक 21.01.2021 को सायं 5:30 बजे किया गया । बैठक में समिति के अध्यक्ष एवं कार्यालय प्रमुख श्री रमण कुमार सिंह, उप अंचल प्रमुख श्री सुभाष कुमार, सहायक महा प्रबन्धक श्री प्रवीण कुमार, मुख्य प्रबन्धक श्री अरुण सिंह, श्री दिलीप गर्ग एवं सभी सदास्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे ।





# यूको मातृभाषा सम्मान समारोह का आयोजन


दिनांक 21.01.2021 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के उपरांत सायं 6:30 बजे “यूको मातृभाषा सम्मान” समारोह का आयोजन किया गया । दिनांक 11.03.2020 को यूको मातृभाषा सम्मान समारोह में गुजरात लोक सेवा आयोग से गुजराती माध्यम से परीक्षा उत्तीर्ण कर शीर्ष स्थान पाने वाले दो प्रतिभागियों (1) श्री चिरागभाई वाडदोरिया एवं (2) श्री गोपालभाई मांगुकिया को सम्मानित किया जाना था किन्तु गुजरात की राजधानी गांधीनगर में सचिवालय में पदस्थ श्री गोपालभाई मांगुकिया जी को अतिमहत्वपूर्ण शासकीय कार्य होने के कारण वे उस दिन हमारे कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके थे । मार्च 2020 के अंतिम सप्ताह में देश में लॉकडाउन की स्थिति के बाद प्रधान कार्यालय के निदेशानुसार हमनें उन्हे बाद की किसी तारीख में सम्मानित करने संबंधी पत्र भेज दिया था हमारे अनुरोध को उन्होने सहर्ष स्वीकार कर लिया था ।







# “अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस”

मातृभाषा किसी भी मानव जाती के संस्कारों की संवाहक है । मातृभाषा के बिना किसी भी देश की संस्कृति की कल्पना करना बेमानी है । मातृभाषा ही हमें राष्ट्रीयता से जोड़ती है और देशप्रेम की भावना उत्प्रेरित करती है । विश्व के सबसे बड़े मंच संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 21 फरवरी को ‘अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस’ घोषित किया गया है सम्पूर्ण विश्व में 10 हजार से अधिक भाषाओं का अस्तित्व घटकर 7 हजार से भी कम हो जाने की चिंता के कारण ही इस दिवस की शुरुआत हुई । इस दिन सभी भाषाओं के लिए सम्मान और बहुभाष्यता पर गौर किया जाएगा । भाषाई और संस्कृतिक विविधता तथा बहुभाषावाद के बारे में सभी को जागरूक करना और इसे बढ़ावा देना इसका मुख्य उद्देश्य है ।






# अंचल कार्यालय में गणतन्त्र दिवस का आयोजन

दिनांक 26 जनवरी 2021 को प्रातः 9:00 बजे अंचल कार्यालय प्रांगण में गणतन्त्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया । उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख श्री रमण कुमार सिंह जी ने ध्वजारोहण किया । इस अवसर पर अंचल कार्यालय तथा सूरत नगर की शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए ।



# बीमा व्यवसाय के चेनल पार्टनर




एस बी आई लाईफ इन्शुरंस (09-02-21)




स्टार हैल्थ इन्शुरंस (13-02-21)

# बैंक के नए कार्यकारी निदेशक - श्री इशराक अली खान

## यूनियन बैंक आफ इंडिया के मुख्य महाप्रबंधक इशरक अली खान बने यूको बैंक के कार्यकारी निदेशक

**मुंबई:** यूनियन बैंक आफ इंडिया के मुख्य महाप्रबंधक इशरक अली खान ने यूको बैंक के कार्यकारी निदेशक का पदभार 10 मार्च 2021को ग्रहण किया है। इशरक अली खान ने लखनऊ विश्वविद्यालय से एम.एससी.करने के बाद 1987 में यूनियन बैंक आफ इंडिया में परिवीक्षा अधिकारी के रुप में कार्यभार ग्रहण किया था। इसके बाद वे यूनियन बैंक की देश भर की विविध शाखाओं जैसे मुंबई,कोलकाता,लखनऊ,इलाहाबाद,वाराणसी,भुवनेश्वर आदि पर कार्यरत रहे। उनके पास अब बैंकिंग का 33 वर्षों का उत्कृष्ट अनुभव है। यूनियन बैंक में सूचना तकनीक (आई.टी) की शुरुआत करने वाले वे प्रमुख अधिकारियों में से एक हैं। वे 10 माह में यूनियन बैंक,आंध्रा बैंक, कारपोरेशन बैंक के आई.टी. प्लेटफार्म पर विलीनीकरण की महत्वपूर्ण कड़ी है। यूको बैंक में कार्यकारी निदेशक का कार्यभार ग्रहण करने पर जोनल कार्यालय मुंबई में उनका स्वागत मुंबई जोन के महाप्रबंधक व जोनल हेड एच.के. अरोरा द्वारा किया गया। इसके बाद श्री खान ने सभी कार्यकारी व अधिकारियों को संबोधित करते हुए अपने आई.टी.क्षेत्र के अनुभव के बारे में बताया साथ ही उन्होंने यूको बैंक को पूरी तरह डिजीटली सक्षम संगठन बनाने की योजना का भी विवरण दिया।



# अखिल भारतीय राजभाषा अधिकारी सम्मेलन

प्रधान कार्यालय, राजभाषा विभाग द्वारा दिनांक 19 एवं 20 मार्च 2021 को सीएससी, कोलकाता में "9वां अखिल भारतीय यूको बैंक राजभाषा अधिकारी सम्मेलन" का आयोजन किया गया था । जिसमें बैंक के विभिन्न अंचल कार्यालयों में पदस्थ राजभाषा अधिकारी उपस्थित हुए थे ।



इस सम्मेलन में सभी अंचलों के राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित की जाने वाली पत्र-पत्रिकाओं, उनके द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों, एवं उन्हे प्राप्त पुरस्कारों को प्रदर्शित करने हेतु एक विशेष प्रदर्शनी लगाई गई थी ।

अंचल कार्यालय, सूरत की ओर से राजभाषा अधिकारी श्री यशवंत गायकवाड़ भी इस सम्मेलन में उपस्थित हुए थे । दिनांक 19.03.2021 को प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अतुल कुमार गोयल जी ने तथा दिनांक 20.03.2021 को कार्यपालक निदेशक श्री अजय व्यास जी ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया ।










9वां अखिल भारतीय यूको बैंक राजभाषा
सेंट्रल स्टाफ कॉलेज, कोलकाता : 19-20
सम्मेलन का थीम :
उद्घाटन
श्री अतुल कुमार गोयल, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
बीज संबोधन
श्री अजय व्यास एवं श्री इशराक अली खान
कार्यपालक निदेशक
कार्यपालक निदेशक
राजभाषा विभाग, प्रधान कार्यालय
यूको बैंक UCO BANK


अधिकारी सम्मेलन
मार्च, 2021
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
बीज संबोधन
श्री अजय व्यास एवं श्री इशराक अली खान
कार्यपालक निदेशक
कार्यपालक निदेशक
राजभाषा विभाग, प्रधान कार्यालय
यूको बैंक UCO BANK

# “यूको बैंक में ऑनलाइन हिन्दी कार्यशाला का आयोजन”

यूको बैंक, अंचल कार्यालय, सूरत द्वारा अड़ाजन स्थित कार्यालय में दिनांक 17 अक्तूबर 2020 को **‘ऑनलाइन हिन्दी कार्यशाला’** का आयोजन किया गया । इस ऑनलाइन हिन्दी कार्यशाला में डॉ.सुस्मिता भट्टाचार्य, उपनिदेशक, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पश्चिम क्षेत्र) मुंबई को विशेष रूप से अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था । आपने राजभाषा कार्यान्वयन विषय पर, सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कार्यपालकों का मार्गदर्शन किया । श्री रमण कुमार सिंह, उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख ने अतिथि वक्ता एवं उपस्थित अधिकारियों का स्वागत किया तत्पश्चात अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होने बैंको में राजभाषा हिन्दी के बढ़ते महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए । कार्यक्रम में श्री सुभाष कुमार, उप अंचल प्रबन्धक के साथ उपस्थित राजभाषा अधिकारी श्री यशवंत गायकवाड़ नें कार्यक्रम का संचालन किया ।






# राजभाषा अधिकारियों के लिए गहन अनुवाद कार्यक्रम

यूको बैंक, प्रधान कार्यालय राजभाषा विभाग द्‌वारा केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के सहयोग से अपने राजभाषा अधिकारियों के लिए दिनांक 02 नवंबर 2020 से 06 नवंबर 2020 तक 5 दिवसीय ऑनलाइन गहन अनुवाद प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था । इस प्रशिक्षण के लिए विभिन्न अंचलों के वर्ग-1 से वर्ग-3 तक के 36 राजभाषा अधिकारियों को नामित किया गया था ।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के विभिन्न शहरों में स्थित केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के विद्‌वान उच्च अधिकारियों ने प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया एवं उनकी समस्याओं का समाधान किया।

इनमें प्रमुख थे –

1) श्री विनोद संदलेश, संयुक्त निदेशक
2) डॉ.नवीन प्रजापति, सलाहकार
3) श्रीमती मीन गुप्ता, सहायक निदेशक
4) श्रीमति प्रज्ञा शाहीन, सहायक निदेशक
5) श्री सतीश कुमार पाण्डेय, सलाहकार
6) श्री नरेश कुमार, उप निदेशक

श्री मोहन लाल वाधवानी, निदेशक, केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे । यूको बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री अजय व्यास, श्री नरेश कुमार, महाप्रबंधक (मानव संसाधन, कार्मिक सेवा, प्रशिक्षण एवं राजभाषा) तथा राजभाषा विभाग के सभी कार्यपालकगण भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए ।

# नराकास (बैंक) सूरत के तत्वावधान में केंद्रीय विद्यालय में प्रतियोगिता

## हिन्दी भाषा साहित्य और व्याकरण: नराकास ने आयोजित की प्रतियोगिता, विजेता आठ छात्रों को सम्मानित किया



सूरत | नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक) सूरत के तत्वावधान में संयोजक बैंक भारतीय स्टेट बैंक, प्रशासनिक कार्यालय, सूरत द्वारा हिन्दी माह के अवसर पर दिनांक 30 सितंबर को केंद्रीय विद्यालय क्र-1 इच्छानाथ में छठवीं से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए 'हिन्दी भाषा साहित्य और व्याकरण' पर ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें 206 विद्यार्थियों ने भाग लिया। 17 अक्टूबर को 8 छात्रों को विजेता घोषित किया। प्रधानाचार्य यशदीप रोहिला, भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक माताप्रसाद एवं मुख्य प्रबंधक अजय जोबनपुत्रा के हाथों पुरस्कार दिए गए। ऑनलाइन प्रतियोगिता के आयोजन, प्रश्नपत्रों के मूल्यांकन, प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार आदि में विद्यालय की हिन्दी विभाग की शिक्षिका प्रिया अग्निहोत्री ने योगदान दिया।



# अखिल भारतीय ऑनलाइन प्रतियोगिता में विजेता




भारतीय भाषा सौहार्द स्वरूप हिन्दी दिवस/सप्ताह/पखवाड़ा/माह के अवसर पर प्रधान कार्यालय, राजभाषा विभाग, कोलकाता द्‌वारा लिपिक संवर्ग से कार्यपालक वर्ग तक के लिए दिनांक 09 एवं 10सितंबर 2020 को अखिल भारतीय ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । इस प्रतियोगिता अंचल कार्यालय सूरत से लिपिक संवर्ग में श्री अंकित कुमार विजेता घोषित हुए ।



# केंद्रीय विद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन

यूको बैंक, अंचल कार्यालय, सूरत द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2020 के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2, कृभको, हज़ीरा सूरत के विद्यार्थियों के लिए दिनांक 02.11.2020 को कक्षा 6ठी से 9वीं (ग्रुप ए) एवं कक्षा 10वीं से 12वीं (ग्रुप बी) के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में कुल 71 विद्यार्थियों ने भाग लिया

कोविड़-19 के संबंध में स्थानीय प्रशासन द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए विद्यालय भवन में दिनांक 05.11.2020 को अंचल प्रबंधक श्री रमण कुमार सिंह जी एवं प्राचार्य श्रीमती ममता जी ने दोनों ग्रुप के तीन-तीन विजेता प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन राजभाषा अधिकारी श्री यशवंत गायकवाड़ ने किया तथा श्री अनुराग रमण एवं श्री आलोक कुमार ने विशेष सहयोग प्रदान किया ।


विजेता प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार हैं

कक्षा 6ठी से 9वीं (ग्रुप ए)

1) कु.करुणा पड़ालिया (प्रथम)
2) कु.नियति वि जोशी (द्वितीय)
3) कु.साक्षी एस.तायड़े (तृतीय)

कक्षा 10वीं से 12वीं (ग्रुप बी)

1) श्री पवन अनिल सिंह (प्रथम)
2) कु.स्नेहा जी. लाड़े (द्वितीय)
3) श्री क्रिश एच.पटेल (तृतीय)





यूको बैंक
UCO BANK
सतर्कता जागरूकता सप्ताह




विद्यालय क्रमांक २
सूरत
NO.2 KRIBHCO,

# स्टाफ सदस्यों के लिए प्रतियोगिता

यूको बैंक, अंचल कार्यालय, सूरत द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2020 के अंतर्गत कोविड़-19 के संबंध में स्थानीय प्रशासन द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए अंचल के नियंत्रणाधीन सभी शाखाओं/कार्यालयों के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए दिनांक 02.11.2020 को ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

दिनांक 05.11.2020 को अंचल प्रबंधक श्री रमण कुमार सिंह जी ने विजेताओं को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए । बाहरी शाखाओं के विजेताओं को उनके प्रमाणपत्र और पुरस्कार कूरियर से भेज दिए गए ।

विजेता प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार हैं :-

अधिकारी संवर्ग :

1) सुश्री जिशा प्रकाशन , आनंद शाखा (प्रथम)
2) श्री मयंक शेखर शर्मा, नवसारी शाखा (द्वितीय)
3) श्री मानस रंजन पति, चकलासी शाखा (तृतीय)

लिपिक संवर्ग :

1) सुश्री सोनाली शर्मा, वापी शाखा (प्रथम)
2) श्री महेंद्र सिंह टाक, गड़त शाखा (द्वितीय)
3) सुश्री भावना गेहलोत, वापी शाखा (तृतीय)

# यूको बैंक द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन




नराकास (बैंक) सूरत के तत्वावधान में यूको बैंक, अंचल कार्यालय, सूरत द्वारा दिनांक 23.12.2020 को अपराहन 3:00 बजे से एक 'सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता' का ऑनलाइन आयोजन किया गया जिसमें सदस्य बैंकों के 126 अधिकारियों / कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया ।

नराकास (बैंक) सूरत द्वारा दिनांक 23 जनवरी 2021 को आयोजित होने वाली छ:माही बैठक में प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा ।

# कविता पाठ प्रतियोगिता में पुरस्कार

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक) बड़ौदा के तत्वावधान में केनरा बैंक बड़ौदा द्वारा हिन्दी दिवस 2020 के अवसर पर आयोजित ऑनलाइन "कविता पाठ" प्रतियोगिता में यूको बैंक मिड कार्पोरेट बड़ौदा शाखा के अधिकारी श्री श्याम मोहन पंडा को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ । नरकास (बैंक) बड़ौदा द्वारा दिनांक 23 दिसम्बर 2020 को आयोजित 'वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह' में उन्हे प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया ।



नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक)

बड़ौदा

संयोजक : बैंक ऑफ़ बड़ौदा

प्रधान कार्यालय, बड़ौदा

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

प्रशस्ति-पत्र

श्री श्याम मोहन पंडा, यूको बैंक को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक) बड़ौदा के तत्त्वावधान में केनरा बैंक द्वारा हिन्दी दिवस, 2020 के अवसर पर आयोजित "कविता पाठ" प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष्य में यह प्रशस्ति-पत्र सहर्ष प्रदान किया जाता है.

स्थान: बड़ौदा
दिनांक: 23.12.2020

के.आर.कनोजियां
अध्यक्ष बैंक नराकास एवं
महाप्रबंधक (राजभाषा, संसदीय समिति
एवं का. प्र.)



# प्रधान कार्यालय द्वारा सूरत अंचल को प्रदत्त प्रमाणपत्र

साथियों,

आप सभी को बताते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है कि, प्रधान कार्यालय कोलकाता द्वारा बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अतुल कुमार गोयल जी एवं कार्यपालक निदेशक श्री अजय व्यास जी के हस्ताक्षरयुक्त एक सराहना पत्र अंचल कार्यालय सूरत को भेजा गया है जिसमें दिनांक 6 अक्तूबर 2020 से 06 जनवरी 2021 के दौरान "होम फेस्ट ड्राइव" में सूरत अचल की सभी शाखाओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100% लक्ष्य प्राप्त किए जाने पर बधाई दी गई है ।
मैं, व्यक्तिगत रूप से आप सभी  को इस उपलब्धि पर बधाई देता हूँ क्योंकि आप सभी के प्रयासों से ही यह संभव हो पाया है । मुझे आशा ही नहीं वरन पूर्ण विश्वास है कि वित्तीय वर्ष की इस अंतिम तिमाही में भी आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखेंगे और सूरत अंचल को उन्नति के शिखर पर पहुंचाएंगे

आपका
(रमण कुमार सिंह)
उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख


CERTIFICATE OF APPRECIATION

This Certificate is awarded to

Shri ***Raman Kumar Singh***, Zonal Head & Team ***SURAT***

In recognition of their Excellent Performance in the

'**Home Fest**' drive for Home Loan sanction (from 06.10.2020 to 06.01.2021).

Congratulations for surpassing 100% target

**Shri Ajay Vyas**
**Executive Director**

**Shri Atul Kumar Goel**
**Managing Director & CEO**

# मानव संसाधन प्रबंधन को प्राप्त प्रशस्ति पत्र


अंचल कार्यालय सूरत के मानव संसाधन एवं प्रबंधन विभाग को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2020-21 का “श्रेष्ठ मानव संसाधन प्रबंधित अंचल” के रूप में तृतीय स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष्य में अंचल प्रबंधक श्री रमण कुमार सिंह एवं विभाग प्रमुख श्री आशुतोष बहादुर सिंह को बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अतुल कुमार गोयल, कार्यपालक निदेशक श्री अजय व्यास एवं महाप्रबंधक (मा.सं प्र.) श्री नरेश कुमार जी के हस्ताक्षर युक्त प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया । बधाई ।







# अंचल कार्यालय सूरत का राजभाषायी निरीक्षण

प्रधान कार्यालय, राजभाषा विभाग, कोलकाता के निदेशानुसार अंचल कार्यालय, रायपुर के मुख्य प्रबन्धक (राजभाषा) श्री सुभाष चंद्र साह जी ने दिनांक 19 दिसम्बर 2020 को अपरान्ह 11:00 बजे से हमारे अंचल कार्यालय का ऑनलाइन राजभाषायी निरीक्षण किया । आपने प्रशासनिक कार्यालयों में हिन्दी के कार्यान्वयन के संबंध में हमारे उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख श्री रमण कुमार सिंह जी से भी विशेष चर्चा की ।



# नाड़ीयाद शाखा नए परिसर में स्थानांतरित

सूरत अंचल के नियंत्रणाधीन एक शहरी शाखा नाड़ीयाद शाखा (0156) दिनांक 25.11.2020 से अपने नए परिसर में स्थानांतरित हो गई है । नगर पालिका नाड़ीयाद के अध्यक्ष श्री ने फीता काटकर शाखा के नए परिसर का उदघाटन किया । शाखा प्रबन्धक श्री अमित कुमार रॉय ने सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया । नडियाड शाखा के सभी साथियों ने यूको बैंक के द्वारा अपने ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई । इस सादे समारोह में कोविड-19 के संबंध में स्थानीय प्रशासन द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों का पूर्णरूपेण पालन किया गया ।





# मिड कार्पो.सूरत शाखा नए परिसर में स्थानांतरित

सूरत अंचल के नियंत्रणाधीन एक बड़ी शाखा ‘मिड कार्पोरेट सूरत’ शाखा (2079) दिनांक 03.12.2020 को अपने पुराने परिसर 205, रिद्धी शोपर्स, हजीरा रोड, अड़ाजन, सूरत से नए परिसर ट्विन टावर, अंकुर चार रस्ता, मिनी बाज़ार, वराछा, सूरत में स्थानांतरित हो गई है ।

सूरत अंचल के उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख श्री रमण कुमाए सिंह ने फीता काटकर शाखा के नए परिसर एवं एटीएम रूम का उदघाटन किया । शाखा प्रमुख श्री जितिन कुमार चौधरी ने सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया । मिड कार्पोरेट शाखा के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों ने यूको बैंक द्वारा अपने ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई ।  इस सादे समारोह में कोविड-19 के संबंध में प्रशासन द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों का पूर्णरूपेण पालन किया गया ।





# शाखाओं की विभिन्न गतिविधियां



सूरत अंचल की एम जी रोड सूरत शाखा में प्रथम केश रीसायकलर मशीन का उदघाटन करते हुए उप महा प्रभन्धक एवं अंचल प्रमुख श्री रमण कुमार सिंह ।

साथ में शाखा प्रबन्धक श्री सी डी सोलंखी एवं अधिकारी श्री मुकेश चंद्रा ।

सूरत अंचल में होम लोन एवं कार लोन में उत्क्रष्ट प्रदर्शन करने वाली शाखाएँ।

**होम लोन** – अजवा रोड शाखा वडोदरा ।

श्रीमति नीरू कुमारी

**कार लोन** – नवसारी शाखा श्री मयंक शेखर शर्मा ।



# शाखाओं की विभिन्न गतिविधियां

सूरत अंचल के नियंत्रणाधीन एक बड़ी शाखा मिड कार्पोरेट बड़ौदा (2031) शाखा में दिनांक 17 दिसम्बर 2020 को एटीएम केश रिसाइकलर मशीन लगाई गई । शाखा के एक गणमान्य ग्राहक द्वारा फीता काटकर इसका उदघाटन किया गया । इस अवसर पर सहायक महाप्रबंधक एवं शाखा प्रमुख श्री मनीष कुमार जी के साथ सभी अधिकारी/कर्मचारीगण भी उपस्थित थे ।






# केश रिसायकल मशीन का उदघाटन

सूरत अंचल के नियंत्रणाधीन वल्लभ विद्यानगर शाखा (0360) में एटीएम केश रिसाइकलर मशीन स्थापित की गई । बीबीआईटी वल्लभ विद्यानगर के प्राचार्य महोदय प्रोफेसर डॉ.के.एम.मकवाना जी ने फीता काटकर इसका उदघाटन किया। इस अवसर पर सहायक प्रबंधक श्रीमति निहारिका सिंह, शाखा प्रमुख श्रीमति श्वेता जी के साथ शाखा के सभी अधिकारी/कर्मचारीगण भी उपस्थित थे ।



# शाखाओं की विभिन्न गतिविधियां



मुगलीसारा शाखा को प्राप्त पुरस्कार



# वित्तीय परिणामों की घोषणा

चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 की 31 दिसम्बर 2020 को समाप्त तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की गई । इस अवसर पर दिनांक 25.01.2021 को बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अतुल कुमार गोयल जी ने बैंक के तुलनपत्र पर हस्ताक्षर कर इसे जारी किया ।



**UCO Bank - Performance Dec 2020 (Rs in cr)**

| Parameter | Dec'19 (Quarter) | Sep'20 (Quarter) | Dec'20 (Quarter) | Y-o-Y (%) | Q-o-Q (%) |
|---|---|---|---|---|---|
| Total Business | 302242 | 312746 | **319218** | 5.6% | 2.1% |
| Gross Advances | 113805 | 115050 | **116797** | 2.6% | 1.5% |
| Operating Profit | 1211 | 1330 | **1334** | 10.2% | 0.3% |
| Net Interest Income | 1237 | 1393 | **1407** | 13.7% | 1.0% |
| Other Income | 743 | 712 | **864** | 16.29% | 21.35% |
| Net Profit/ (loss) | -960 | 30 | **35** | | 16.67% |
| NIM | 2.62% | 2.78% | 2.87% | | |
| GNPA | 22140 | 13366 | **11440** | -48.33% | -14.41% |
| Gross NPA% | 19.45% | 11.62% | **9.80%** | | |
| Net NPA | 6200 | 3832 | **3228** | -47.94% | -15.76% |
| Net NPA% | 6.34% | 3.63% | **2.97%** | | |
| PCR | 83.71% | 89.82% | **91.22%** | | |
| Total RWA | 98982 | 102460 | **102276** | | |
| CET I % | 7.21% | 8.99% | 9.01% | | |
| CRAR | 10.27% | 11.80% | **12.08%** | 181 bps | 28 bps |



# अखबार की सुर्खियों में "यूको बैंक"

## यूको बैंक में ऑनलाइन हिन्दी कार्यशाला का हुआ आयोजन

लोकतेज संवाददाता



सूरत। यूको बैंक, अंचल कार्यालय, सूरत द्वारा अड़ाजन स्थित कार्यालय में दिनांक 17 अक्तूबर 2020 को 'ऑनलाइन हिन्दी कार्यशाला' का आयोजन किया गया । इस ऑनलाइन हिन्दी कार्यशाला में डॉ.सुस्मिता भट्टाचार्य, उपनिदेशक, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पश्चिम क्षेत्र) मुंबई को विशेष रूप से अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था । आपने राजभाषा कार्यान्वयन विषय पर, सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कार्यपालकों का मार्गदर्शन किया। रमण कुमार सिंह, उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख ने अतिथि वक्ता एवं उपस्थित अधिकारियों का स्वागत किया तत्पश्चात अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होने बैंको में राजभाषा हिन्दी के बढ़ते महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए । कार्यक्रम में सुभाष कुमार, उप अंचल प्रबन्धक के साथ उपस्थित राजभाषा अधिकारी यशवंत गायकवाड़ नें कार्यक्रम का संचालन किया ।

लोकतेज Mon, 19 October 2020 epaper.loktej.com/c/5577486

## यूको बैंक अंचल कार्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हुआ आयोजन



लोकतेज संवाददाता

सूरत। भारत सरकार के केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा दिए गए निदेशानुसार प्रत्येक वर्ष सभी सरकारी बैंको/ कार्यालयों/ संस्थानों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जाता है । इस वर्ष यह सप्ताह दिनांक 27 अक्तूबर से 02 नवंबर 2020 तक मनाया जा रहा है । इस वर्ष की थीम है 'सतर्क भारत समृद्ध भारत' । इस वर्ष भी दिनांक 27 अक्तूबर 2020 को यूको बैंक, अंचल कार्यालय, सूरत के उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख श्री रमण कुमार सिंह ने देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए कार्यालय में सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों के साथ भ्रष्टाचार निर्मूलन की शपथ ग्रहण की । साथ ही सूरत अंचल की सभी शाखाओं में भी अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा शपथ ली गई ।

लोकतेज Fri, 30 October 2020 epaper.loktej.com/c/56001926

स्थानीय हिंदी समाचार पत्र "लोकतेज" में प्रकाशित समाचार

## યુકો બેંકમાં જાગરૂકતા સપ્તાહની ઉજવણી



યુકો બેંકમાં સરકાર દ્વારા આયોજિત સતર્ક અને જાગરૂકતા સપ્તાહ અંતર્ગત સતર્ક ભારત-સમૃદ્ધ ભારત થીમ પર શપથ લેવામાં આવી હતી. જેમાં ડે. જનરલ મેનેજર રમણકુમાર સિંહ સહિતના કર્મચારીઓએ ભ્રષ્ટાચારમુક્ત કરવાના શપથ લીધા હતા. સુરત ઝોનની દરેક શાખાના કર્મચારીઓને પણ શપથ લેવડાવ્યા હતા.

स्थानीय गुजराती समाचार पत्र "संदेश" में प्रकाशित समाचार

# अखबार की सुर्खियों में 'यूको बैंक'

## यूको बैंक द्वारा ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



लोकतेज संवाददाता

सूरत। यूको बैंक, अंचल कार्यालय, सूरत द्वारा 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2020' के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2, कृभको, सूरत के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें 71 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

अंचल प्रबंधक श्री रमण कुमार सिंह एवं प्राचार्य श्रीमती ममता जी ने विजेताओं को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन राजभाषा अधिकारी श्री यशवंत गायकवाड़ ने किया तथा श्री अनुराग रमण एवं श्री आलोक कुमार ने विशेष सहयोग दिया।

## યુકો બેંક દ્વારા ઓનલાઈન પ્રશ્નોત્તરી સ્પર્ધાનું આયોજન કરાયું



પત્રકાર પ્રતિનિધિ,
સુરત, તા. ૦૬

યુકો બેંક, અંચલ કાર્યાલય, સુરત દ્વારા 'સતર્કતા જાગૃતતા સપ્તાહ - ૨૦૨૦' અંતર્ગત કેન્દ્રિય વિદ્યાલય ક્રમાંક-૨ કૃભકો, સુરત ખાતે વિદ્યાર્થીઓ માટે ઓનલાઈન પ્રશ્નોત્તરી સ્પર્ધાનું આયોજન કરવામાં આવ્યું હતું. આ કાર્યક્રમમાં ભાગ લઈ વિજેતા બનેલ વિદ્યાર્થીઓને અંચલ પ્રબંધક રમણકુમાર સિંહ અને પ્રાચાર્ય શ્રીમતી મમતાજીના હસ્તે પ્રમાણ પત્ર અને પુરસ્કાર આપવામાં આવ્યા હતા. સમગ્ર કાર્યક્રમનું સંચાલન રાજભાષા અધિકારી યશવંત ગાયકવાડ દ્વારા કરાયું હતું. જેમાં અનુરાગ રમણ અને આલોક કુમારે સહયોગ આપ્યો હતો.

# अखबार की सुर्खियों में ‘यूको बैंक’

## यूको बैंक कार्पोरेट शाखा स्थानांतरित

**लोकतेज संवाददाता**




**सूरत।** यूको बैंक नें गुरूवार 03-12-2020 को मिड कार्पोरेट, सूरत शाखा अपने पूराने परिसर रिद्धि शोपर्स, स्टार बाजार के सामने, अडाजन, सूरत से नए परिसर ट्विन टावर, सरदार स्मृति भवन के पास, अंकुर चार रस्ता, ए.के. रोड, मिनी बाजार, वराछा, सूरत में स्थानांतरित हो गई है।

यूको बैंक के सहायक महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख रमण कुमार सिंहजी ने फीता काटकर स्थानांतरित शाखा एवं एटीएएम रूम का उद्घाटन किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि, यूको बैंक अपने ग्राहकों को उत्तम सेवाएँ प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर कोविड-19 के संबंध में प्रशासन द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों का भी पूर्णरूपेण पालन किया गया।

## યુકો બેંક દ્વારા સ્થનાંતરીત શાખા અને ATM રૂમનું ઉદ્‌ઘાટન કરવામાં આવ્યું



યુકો બેંકના જૂના પરિસર અડાજણ, સુરત શાખાથી તેના નવા પરિસર વરાછા, સુરત ખાતે સ્થનાંતરીત થઈ છે. યુકો બેંકના સહાયક જનરલ મેનેજર અને ઝોન પ્રમુખ રમણકુમાર સિંહજીના હસ્તે સ્થનાંતરીત શાખા અને એટીએએમ રૂમનું ઉદ્‌ઘાટન કરવામાં આવ્યું હતું. તેમણે જણાવ્યું હતું કે, યુકો બેંક હંમેશાં તેના ગ્રાહકોને શ્રેષ્ઠ સેવાઓ પ્રદાન કરવા પ્રતિબધ્ધ છે.

# अखबार की सुर्खियों में 'यूको बैंक'

## लोकतेज एवं गुजरात समाचार में प्रकाशित




यूको बैंक अंचल कार्यालय सूरत द्वारा अड़ाजन स्थित परिसर में दिनांक 21.01.2021 को यूको मातृभाषा सम्मान समारोह का आयोजन गया । इसके तहत मातृभाषा गुजराती माध्यम से गुजरात लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपलक्ष्य में गोपाल भाई माँजीभाई मांगुकिया को अंचल प्रबन्धक रमण कुमार सिंह जी के हाथों एक स्मृतिचिन्ह और रुपए 5,000/- का चेक प्रदान किया गया। (लोकतेज फोटो)


लोकतेज Sat, 23 January 2021
epaper.loktej.com/c/5792



लोकतेज 3/8


को फूड पैकेट बांटे गए जिसमें शाखा के अध्यक्ष मेनका चौधरी, संस्थापक अध्यक्ष प्रेरणा भाऊवाला , सह सचिव समता जैन, सुनीता लाहोटी, आशा अग्रवाल, नीरू गर्ग उपस्थित रहे। (लोकतेज फोटो)

### यूको बैंक द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजन



**लोकतेज संवाददाता, सूरत।** यूको बैंक के गौरवशाली 78 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यूको बैंक के स्थापना दिवस दिनांक 06 जनवरी 2021 के अवसर पर यूको बैंक, अंचल कार्यालय, सूरत द्वारा प्रात: 10 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन अंचल कार्यालय सूरत परिसर में किया गया इस पुनीत कार्य मंक यूको बैंक के स्टाफ सदस्यों द्वारा बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक रक्तदान किया गया। इस कार्यक्रम में 'लोक समर्पण ब्लड बैंक' सूरत की टीम ने विशेष सहयोग दिया। अपरान्ह 3:30 बजे से 4:30 बजे तक श्री मोढ़ेश्वरी हितवर्धक मण्डल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित निर्मला प्राण वृद्धाश्रम में एक छोटा सा समारोह का भी आयोजन किया गया जिसमें वहाँ पर निवास कर रहे सभी वरिष्ठजनों को दैनिक उपयोग की कुछ वस्तुएँ सप्रेम भेंट की गई। इस कार्यक्रम में यूको बैंक अंचल कार्यालय सूरत के उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख श्री रमण कुमार सिंह जी मुख्य अतिथि थे। आपने अपने प्रभावपूर्ण भाषण में बैंक द्वारा विगत 78 वर्षों में की गई प्रगति एवं बैंक के द्वारा वरिष्ठ ग्राहकों को प्रदान की जा रही विशिष्ट सेवाओं के बारे में जानकारी दी । उनके साथ हजीरा शाखा के वरिष्ठ प्रबन्धक श्री मिश्रा जी तथा बैंक के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल करने में वृद्धाश्रम के प्रमुख ट्रस्टी श्री राजेशभाई भगत,मैनेजर श्रीमति रूपाली जी एवं उनके अन्य स्टाफ सदस्यों ने विशेष सहयोग किया।

### યુકો બેંકના સ્થાપના દિવસ નિમિત્તે રક્તદાન શિબિર યોજાયો

યુકો બેંકના ૭૮ વર્ષ પુર્ણ થતા સ્થાપના દિવસ નિમિત્તે ૬ જાન્યુઆરીએ અંચલ કાર્યાલય, સુરત ખાતે રક્તદાન શિબિર યોજાયો હતો. તેમજ નિર્મલાપ્રાણ વૃધ્ધાશ્રમ ખાતે સમારોહમાં વડિલોને રોજીંદી જરુરીયાતની ચીજો અર્પણ કરાઇ હતી. બેંકના સુરતના ઉપમહાપ્રબંધક રમણકુમાર સિંહે બેંકની પ્રવૃત્તિનો ચિતાર આપ્યો હતો.


आपके विश्वास का सम्मान ही
हमारे सफलता का स्तम्भ है
यूको बैंक
78
वर्षों से
राष्ट्र के विश्वास का सम्मान कर रहा है
1943- 2021
धन्यवाद
बैंक के स्थापना दिवस 6 जनवरी, 2021 के अवसर पर
हम अपने मूल्यवान ग्राहकों, हितधारकों एवं शुभचिंतकों का हम पर अपना विश्वास बनाए रखने के लिए आभार व्यक्त करते हैं। हम पर जताए गए भरोसे का सम्मान करते हुए, हम एक नई प्रतिबद्धता के साथ राष्ट्र की सेवा में स्वयं को पुनः समर्पित करते हैं।
UCO BANK
www.ucobank.com | टोल फ्री नं - 1800 274 0123
यूको बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)
UCO BANK
(A Govt. of India Undertaking)
सम्मान आपके विश्वास का
Honours Your Trust